समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Sunday, 20 September 2026

# तीसरे दिन चला 'मियां मैजिक', सिराज-आकाशदीप ने चटकाए 10 विकेट, भारत को 244 रनों की बढ़त – पढ़े पूरा डे-3 रिपोर्ट।

Publisher

Published on 05 Jul 2025



## बर्मिंघम टेस्ट के तीसरे दिन सिराज और आकाशदीप ने चटकाए 10 विकेट, भारत मजबूत स्थिति मे।

**IND vs ENG 3rd Day of 2nd Test:** **बर्मिंघम टेस्ट** में तीसरे दिन का खेल भारतीय टीम के लिए शानदार रहा। जहां गेंदबाजों ने इंग्लैंड की पहली पारी को **407 रनों** पर समेट दिया, वहीं बल्लेबाजों ने दूसरी पारी में बिना किसी दबाव के **64 रन बनाकर कुल बढ़त को 244 रनों तक पहुंचा दिया**।

भारत ने पहली पारी में **विशाल 587 रन** बनाए थे, जिसके जवाब में इंग्लैंड की टीम **तीसरे दिन 407 रनों** पर सिमट गई। इस तरह भारत को पहली पारी में ही **180 रनों** की महत्वपूर्ण बढ़त मिल गई थी।

**सिराज की घातक गेदंबाजी ने किया कमाल**
दिन की शुरुआत **इंग्लैडं के 77/3** के स्कोर से हुई। **मोहम्मद सिराज** ने जैसे ही गेंद संभाली, खेल का रुख ही बदल गया। उन्होंने अपने पहले ही स्पेल में **जो रूट** और **बेन स्टोक्स** जैसे खतरनाक बल्लेबाजों को लगातार दो गेंदों पर आउट कर इंग्लैंड की कमर तोड़ दी।

**जो रूट 22 रन** बनाकर आउट हुए जबकि **बेन स्टोक्स** खाता भी नहीं खोल सके। देखते ही देखते इंग्लैंड की **आधी टीम 84 रन** पर पवेलियन लौट गई थी। हालांकि इसके बाद **हैरी ब्रूक** और **जैमी स्मिथ** ने शानदार साझेदारी कर इंग्लैंड को संभाला।

**ब्रूक और स्मिथ ने की संघर्षपूर्ण साझेदारी**

**हैरी ब्रूक ने 158 रन** बनाए जबकि **जैमी स्मिथ 184 रन** बनाकर नाबाद रहे। दोनों के बीच छठे विकेट के लिए **303 रनों** की बड़ी साझेदारी हुई, जिसने इंग्लैंड की पारी को संभाल लिया। ऐसा लग रहा था कि इंग्लैंड मजबूत स्थिति में पहुंच जाएगा, लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने जल्द ही वापसी कर ली।

इंग्लैंड की टीम ने **5 विकेट के नुकसान पर 387** रन बना लिए थे, लेकिन इसके बाद अगले **5 विकेट मात्र 21 रनों के अंदर गिर गए** और पूरी **टीम 407 रनों पर ऑल आउट** हो गई।

### सिराज-आकाशदीप ने चटकाए सभी विकेट

भारतीय गेंदबाजी की बात करें तो **सिराज ने 6 विकेट** लेकर एक बार फिर विदेशी धरती पर अपनी श्रेष्ठता साबित की। **ऑस्ट्रेलिया, वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका** के बाद अब **इंग्लैडं मे भी उन्होंने 5 विकेट** हॉल दर्ज किया।

**आकाशदीप ने भी बेहतरीन गेदंबाजी करते हुए 4 विकेट** चटकाए। भारत के लिए इन दोनों गेंदबाजों ने ही इंग्लैंड की पूरी टीम को पवेलियन भेजा।

### भारत की दूसरी पारी मे संतर्क शुरुआत

तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक भारत ने दूसरी पारी में एक विकेट के नुकसान पर **64 रन** बना लिए थे। **यशस्वी जायसवाल 28 रन** बनाकर आउट हुए। वहीं **केएल राहुल 28 रन** और **करुण नायर 7 रन** बनाकर क्रीज पर टिके हुए हैं।

भारत अब कुल **मिलाकर 244 रनों** की बढ़त के साथ मजबूत स्थिति में है और चौथे दिन इस बढ़त को और भी ज्यादा करना चाहेगा ताकि इंग्लैंड पर दबाव बना रहे।

### क्या कहता है मुकाबले का समीकरण ?

अब भारत के पास चौथे दिन बड़ी बढ़त बनाकर **इंग्लैडं को एक मुश्किल लक्ष्य देने का मौका** है। अगर **भारतीय बल्लेबाज** संयम से खेलते हैं तो भारत यह टेस्ट मैच अपने नाम कर सकता है। वहीं इंग्लैंड के सामने यह टेस्ट बचाना बड़ी चुनौती होगी।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.